तापमान

अधिकतम 41 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जून 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 बुनियादी सुविधाएं और निर्बाध बिजली ही बहुआयामी गरीबी से मुक्ति ...





14 पंचधुनी अग्नि तपस्या का सम्पन्न, मां त्रिवेणी नंदगिरी बनी ...





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### शासकीय कर्मचारी संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

**धमतरी।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु 10 जून को शाम 4 बजे मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र के समान महंगाई भत्ता, नियमितीकरण, सेवा संबंधी लाभ एवं अन्य महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने के लिए पदाधिकारी एवं सदस्यों से उपस्थित होने की अपील नंदकिशोर साहू, अध्यक्ष कृपाशंकर मिश्रा, कृष्णाराम साहू संरक्षक, लोकेश साहू सचिव, संतोष दीवान, नविता तिवारी उपाध्यक्ष सदाशिव राव, किशोर साहू, हेमंत साहू, दुर्गाप्रसाद मिश्रा, ज्ञानेश्वर गुप्ता ने की है।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक 10 को

**धमतरी।** तहसील ग्राम पटेल संघ की बैठक 10 जून को रूद्री में होगी। बैठक सुबह 10 बजे से शुरू होगी, जिसमें संघ से जुड़े विभिन्न आवश्यक विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में संगठन की गतिविधियों, सामाजिक कार्यों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तय किए जाने की संभावना है। तहसील पटेल संघ के सचिव केशकुमार सोनकर ने संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**धमतरी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मगरलोड में एकवर्षीय एवं द्विवर्षीय व्यवसाय में प्रवेश के लिए 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मगरलोड में कोपा, मैकेनिक डीजल, विद्युतकार तथा फिटर में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आईटीआई मगरलोड में सम्पर्क अथवा विभागीय वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### बस स्टैंड के पास मृत मिला अधेड़

**धमतरी।** सोमवार की शाम बस स्टैंड के पास एक अधेड़ व्यक्ति मृत मिला। उसकी पहचान संबलपुर निवासी के रुप में की गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के



अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम संबलपुर निवासी ओम राव पिता गोपाल उम्र 53 वर्ष ट्रक चलाने का काम करता था। अधेड़ ने दो साल से ट्रक चलाना छोड़ दिया है। अधेड़ रोजाना शराब पीने के लिए धमतरी की शराब दुकान आता था। वह सोमवार की शाम बस स्टैंड के पास अचेत हालत में पाया गया। सूचना पर डायल 112 वाहन पहुंचा और वरदान संस्था को सूचना दी। शिवा प्रधान एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे और अधेड़ को जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## गौ संरक्षण, नशामुक्ति, बलि प्रथा के खिलाफ राजमानस संघ ने की आवाज बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री राजमानस संघ ने गौ संरक्षण, नशामुक्ति तथा बलि प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई है। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है।

राजमानस संघ ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन में कहा है कि छत्तीसगढ़ माता कौशिल्या की भूमि है। यहां की संस्कृति दया, करूणा एवं अहिंसा पर आधारित है। इसी भावना से प्रेरित होकर संघ ने जनभावना से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विषयों पर मांग की है। गौ हत्या, गौ तस्करी को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। ग्राम पंचायतों की गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर गौ अभ्यारण स्थापित किया जाए। निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए प्रत्येक विकासखंड में आधुनिक गौशाला संचालित की जाए। मगरलोड विकासखंड के मधुबन धाम में गौशाला की स्थापना करने की मांग की है।

**मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**



नशामुक्ति के तहत प्रदेश में चरणबद्ध पूर्ण शराबबंदी लागू की जाए। अवैध महुआ शराब, गांजा, नशाली दवाइयों एवं अन्य मादक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। प्रत्येक जिला मुख्यालय में नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र स्थापित किया जाए। सदियों से चली आ रही पशु बलि प्रथा पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध किया जाए। जैसे महामाया रतनपुर में बलि के स्थान पर नारियल चुनरी श्रृंगार भेंट करने की प्रथा को प्रोत्साहित करने का सफल प्रयोग हुआ है। मंदिरों को हिंसा मुक्त तीर्थ घोषित कर पुजारी, ट्रस्ट, समिति को विश्वास में लेकर वैकल्पित पूजा पद्धति लागू करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी, सचिव जेएल देवांगन, कोषाध्यक्ष दानीराम साहू सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### उमरदा में सड़क हादसे के बाद बवाल, युवक की मौत पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

## रेत से भरे हाइवा की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- एंबुलेंस और 112 वाहन में तोड़फोड़

धमतरी जिले के कुरूद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरदा में सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। महानदी क्षेत्र से रेत लेकर जा रहे एक तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड क्षेत्र के भैंसमुंडी निवासी लीलाराम साहू अपने साथी गिरेंद्र यादव के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएन 5333 से घर लौट रहे थे। रात करीब 8 बजे उमरदा गोठान के पास मेघा की ओर से आ रहे रेत से भरी तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लीलाराम साहू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गिरेंद्र यादव घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।



### पुलिस और एंबुलेंस चालक से मारपीट

हंगामे के दौरान एंबुलेंस चालक राधेश्याम साहू और पुलिसकर्मी लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच कुछ लोगों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट कर दी। घटना में एक पुलिस अधिकारी और एंबुलेंस चालक के घायल होने की जानकारी मिली है। चालक द्वारा मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। स्थिति बिगड़ने पर प्रशासनिक अधिकारियों और अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। तहसीलदार सूरज बंछोर एवं बीएमओ डॉ. हेमराज देवांगन भी ग्रामीणों को समझाने पहुंचे, लेकिन लोग रेत परिवहन पर नियंत्रण और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे। बाद में मगरलोड, करेलीबड़ी और बिरेझर चौकी से पहुंचे अतिरिक्त पुलिस बल की मदद से स्थिति को नियंत्रित किया गया।

### एंबुलेंस की देरी से भड़के ग्रामीण



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना की सूचना तत्काल आपातकालीन सेवा 108 को दी गई, लेकिन समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। लोगों ने शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया। स्थिति को देखते हुए कुरूद से वंदेमातरम सेवा परिवार की एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया, लेकिन गुस्साए लोगों ने एंबुलेंस में तोड़फोड़ कर दी।

### हादसे और हंगामे दोनों की जांच

पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सड़क दुर्घटना, चक्काजाम, तोड़फोड़ और मारपीट के मामलों की अलग-अलग जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने क्षेत्र में रेत परिवहन, सड़क सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कार सवारों ने ट्रक चालक से की मारपीट

- सिलघट चौक की घटना

**धमतरी।** कार सवारों ने ट्रक चालक को दौड़ाकर मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम परेवाडीह निवासी यशवंत साहू पिता शत्रुघन उम्र 46 वर्ष ट्रक चलाने का काम करता है। रविवार को यशवंत अमलेश्वर रायपुर से ट्रक क्रमांक सीजी 04 जी 7862 में धान भरकर धमतरी आ रहा था। दोपहर में सिलघट चौक के पास यशवंत रोड क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान सुपेला की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 क्यूएन 3452 ट्रक से टकरा गई। इस घटना में कार के चालक की तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यह देख कार में सवार चार व्यक्ति बाहर निकले और यशवंत को ट्रक से नीचे उतार गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकी देने लगे। यशवंत अपनी जान बचाने वहां से भागने लगा। सभी कार सवारों ने पत्थर, लाठी से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। इस घटना में ट्रक चालक के सिर, कमर, हाथ, गला व कान के पास चोट आई है। पीड़ित यशवंत की शिकायत पर भखारा पुलिस ने कार सवार चार अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 115/2, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## युवक ने वीडियो जारी कर कहा, मामला खत्म करें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- युवक-पुलिस विवाद में आया नया मोड़

पुलिस-युवक विवाद मामले में युवक ने नया वीडियो जारी कर मामले को यही खत्म करने की बात कही है। इसी के साथ मामले में नया मोड़ आ गया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मुजगहन बाईपास के पास आधी रात को फैमिली के साथ बाइक में धमतरी से अपने किराए के घर ग्राम आमदी लौट रहे किशोर व पुलिस के बीच विवाद जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। इस मामले में युवक के इंस्टाग्राम में एक नया वीडियो आया है। वीडियो में युवक ने घटना पर अफसोस जताते हुए मामले को आगे न बढ़ाने की अपील की है। वहीं एसपी ने इस मामले की जांच के लिए तीन डीएसपी की टीम गठित की थी। नया वीडियो आने के बाद अब लगता है कि इस मामले का समापन हो जाएगा।

### नए वीडियो में युवक ने रखी मन की बात



इंस्टाग्राम वीडियो में युवक किशोर ने कहा है कि दोस्तों उस रात मैं परिवार के साथ मूवी देखकर लौट रहा था। पुलिस वालों ने गाड़ी रोकी। वहां बैरिकेड्स नहीं था जो मुझे सही नहीं लगा। अपनी सुरक्षा के लिए मैं वीडियो बनाने लगा। उनके और मेरे बीच गरमागरम बहस हुई। टीआई को बुलाया गया। टीआई को मेरा कापरेट करना चाहिए था। गरमागरमी हो गई। बात आगे बढ़ गई थी। मैंने भी वीडियो बनाना शुरु कर दिया। सोशल मीडिया पर इसे फैला दिया गया। बात बहुत छोटी सी थी। लोग एडिट कर वीडियो को डालने लगे। बहुत कमेंटस भी आ रहे हैं। मुझसे से कोई रिश्वत नहीं मांगी गई है। जो आईडी प्रूफ मांगा गया है, उसे मैं जमा कर चुका हूं। अब आगे इसमें कुछ नहीं चाहता हूं। जितना होना था हो गया। बुरा समय था। मुझे अपना परिवार देखना है। वैसे भी मेरी बच्ची की तबियत ठीक नहीं रहती। आगे कोई भी इस संबंध में वीडियो न डाले। यह वीडियो मैं किसी दबाव में आकर नहीं बना रहा हूं। मैं अपने मन की बात रख रहा हूं।

## निजी जमीन को खेल मैदान बनाने का षड्यंत्र

- परेशान 6 भाई बहनों ने कलेक्टर से न्याय दिलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक परिवार के 6 भाई बहनों ने गांव के 14 लोगों के खिलाफ परेशान करने की लिखित शिकायत कलेक्टर से की है। मामला केरेगांव पंचायत के आश्रित ग्राम रायपारा का है।

सोमवार को रायपारा से कलेक्टोरेट पहुंचे भुखऊराम, सोनसाय, चमरीनबाई, गोमती, सोंतीबाई, कुंतीबाई ने बताया कि वे सभी भाई बहन हैं। उनके पिता परसराम निषाद की मौत हो चुकी है। वे रायपारा के कृषक हैं। उनके नाम पर ग्राम रायपारा में खसरा नंबर 34 रकबा 3.50 हेक्टेयर जमीन है।



उन्होंने गांव के 14 लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत कर कहा है कि वे लोग ग्रामवासियों को उनके खिलाफ भड़काकर उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। आए दिन लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाते हैं। उनकी जमीन पर लगी फसल की चोरी कर लेते हैं। पूर्व में थाना केरेगांव तथा पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत कर चुके है। न्यायालय नगरी में व्यवहार वाद एवं परिवाद प्रस्तुत किए हैं, जिसकी सुनवाई लंबित हैं। इसके बावजूद कुछ ग्रामीण एकराय होकर एन-केन प्रकारेण उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके खिलाफ जानबूझकर झूठी शिकायत की जाती है। उनकी निजी जमीन को खेल मैदान घोषित करने षड़यंत्र रचा जा रहा है, जिससे परेशान हो चुके हैं। जीविकोपार्जन का और कोई साधन नहीं है। उन्होंने 14 लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत कर तत्काल कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।

### कृषि विशेषज्ञ किसानों को खेतों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की तकनीक बता रहे

## हर रोज 20 से ज्यादा गांवों में आयोजित हुई कृषक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धरती बचाओ-खेत बचाओ अभियान के तहत गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 100 से ज्यादा गांवों में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जा चुका है। मंगलवार को भी 28 गांवों में कृषक संगोष्ठी रखी गई थी।

जिले में लगातार धान के बाद धान की खेती से मिट्टी का स्वास्थ्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। किसान धान व अन्य फसलों का उत्पादन तो ले रहे हैं, लेकिन लागत इतनी बढ़ चुकी है कि किसानों को पर्याप्त लाभ नहीं हो रहा है। स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से धरती बचाओ-खेत बचाओ अभियान का आगाज किया गया है। यह अभियान 1 जून से शुरू हुआ है, जो 30 जून तक चलेगा।

अभियान के तहत गांव-गांव कृषक संगोष्ठी का आयोजन कर कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को खेतों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की तकनीक सिखाई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों द्वारा संतुलित उर्वरक का उपयोग, मिट्टी की जांच के आधार पर ही रासायनिक खादों का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है, ताकि भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे।



### वैकल्पिक खाद पर जोर

पूरे देश में रासायनिक खाद की कमी है। वहीं जमीन में आर्गेनिक मेटर भी कम हो गया है। स्थिति को देखते हुए कृषि वैज्ञानिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने के लिए कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट जैसे जैविक खाद, जीवामृत, बीजामृत जैसी हरी खाद को बढ़ावा दे रहे हैं। इन खाद को बनाने, खेतों में छिड़कने सहित अन्य विधियां बताई जा रही है। किसानों को नकली कृषि उत्पाद की पहचान और प्रमाणित बीज/दवाइयों का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। इस दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

### यहां हुए कार्यक्रम

मंगलवार को ग्राम पंचायत कोकड़ी में आयोजित कृषक संगोष्ठी में किसानों को ब्लू ग्रीन एल्गी, हरी खाद की उपयोगिता, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग, पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव, मृदा स्वास्थ्य एवं गुणवत्ता सुधार के उपाय, फसल चक्र, मिट्टी परीक्षण अपनाने के लाभ, खरीफ मौसम में धान बीज की उपलब्धता, बीज उपचार की विधि तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत गागरा एडीओ चेस सार्वा, आरएईओ भीरेन्द्र साहू, जयंत निषाद, पंचायत सचिव हेमंत साहू, वैज्ञानिक दीपिका चंद्रवंशी, नेहा गावड़े, सरपंच अनीता योगेश साहू, कृषक मित्र रोहित साहू उपस्थित थे। पहंदा, तरसींवा, सिर्वे, भैंसबोड़ सहित 28 गांवों में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## जिला अस्पताल में दवाइयों की कमी



**पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल में दवाईयों की कमी तथा दिव्यांगजनों के लिए ट्राइसिकल, बैसाखी नहीं मिलने की शिकायत पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कलेक्टर से की है। मंगलवार को दिव्यांगजनों के साथ कलेक्ट्रोरेट पहुंचे कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि जिला अस्पताल धमतरी में दवाईयों की सप्लाई समय पर नहीं होने के कारण मरीजों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अस्पताल में अभी हार्ट अटैक से बचाने वाली दवा नहीं है। रैबिज तथा अन्य दवाईयां नहीं मिल रही हैं। दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल तथा बैसाखी के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में हर दिन हार्ट अटैक से संबंधित मरीज आते हैं। दवाई नहीं होने से मरीजों को रिफर करना पड़ रहा है। इससे कई मरीजों को जान का खतरा बना रहता है। अस्पताल में हायर एंटीबायोटिक समेत दर्द निवारक दवाई उपलब्ध नहीं है। जिम्मेदार अधिकारी दवाईयों की कमी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। पूर्व विधायक के साथ दिव्यांग कामता प्रसाद पाल तथा पवन कुमार साहू ने कलेक्ट्रोरेट पहुंचकर इलेक्ट्रानिक ट्राइसिकल एवं बैसाखी की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### बरगद के पत्तों में उकेरी धरती आबा की अद्भुत आकृति

**नगरी।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य ने अपनी अनूठी कला के माध्यम से धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। ग्राम मोदे नगरी निवासी विकास शांडिल्य ने बरगद के पत्तों पर भगवान बिरसा मुंडा की आकर्षक आकृति उकेरी है, जो लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। इस कलाकृति में भगवान बिरसा मुंडा को आदिवासी वेशभूषा में दर्शाया गया है। उनके एक हाथ में तीर-कमान तथा दूसरे हाथ में पेड़ की टहनी दिखाई गई है। सिर पर पगड़ी और धोती के साथ उनकी छवि को बारीकी से उकेरा गया है, जो उनकी संघर्षशील और प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली को दर्शाती है।

### करैहा में रोजगार दिवस का हुआ आयोजन

**नगरी।** ग्राम पंचायत करैहा में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1 जुलाई 2026 से लागू होने वाले विकसित भारत जी राम जी योजना अंतर्गत 125 दिनों का रोजगार, मांग अनुसार कार्य तथा गांव के विकास में ग्रामीणों की भागीदारी पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य को पूरा करने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सरपंच राधेश्याम नेताम, वार्ड पंच तोरण मंडावी, किशोरकुमार मंडावी, गोकुल राम, सहदेवराम साहू, शंकर नेताम, किरण साहू, ममता यादव, संतोषी सलाम, पूर्णिमा नेताम, संतोषी ठाकुर, सहदेव मरकाम, सुनाराम साहू, परमानंद निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूर उपस्थित थे।

## निधन

### केआर ध्रुव



**धमतरी।** ग्राम कानीडबरी निवासी एवं जल संसाधन विभाग कांकेर के सेवानिवृत्त सहायक इंजीनियर केआर ध्रुव का 7 जून को 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पंकज नेताम के पिता थे। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### मनोज पटेल



**पुरी।** ग्राम बिजनापुरी निवासी मनोज पटेल का लंबी बीमारी के चलते 7 जून को निधन हो गया। वे देवेन्द्र पटेल के बड़े भाई एवं कुन्दन पटेल के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन शामिल हुए।

### रमेश साहू



**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड निवासी रमेश कुमार साहू 60 वर्ष का निधन 9 जून मंगलवार को हो गया। वे अपने पीछे पुत्र खिलेश साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकगण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# जल संरक्षण की नई पहल : पीपरछेड़ी में 1000 मीटर पाथ उपचार से बढ़ेगी जल उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी (गागरा) में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत 1000 मीटर पाथ उपचार कार्य बसंत खेत से पीपरछेड़ी खार तक पूर्ण कराया गया है। इस कार्य के लिए 7.66 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों और किसानों में उत्साह का माहौल है, क्योंकि इससे वर्षा जल संरक्षण के साथ भविष्य में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होने की उम्मीद बढ़ी है।

ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी (गागरा) कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां अधिकांश परिवार खेती पर निर्भर हैं। अब तक वर्षा का अधिकांश पानी बहकर गांव से बाहर निकल जाता था, जिससे मिट्टी का कटाव बढ़ता था और भूजल पुनर्भरण पर्याप्त नहीं हो पाता था। इसी समस्या के समाधान के लिए ग्राम सभा में लगातार मांग उठाई जा रही थी, जिसके बाद मनरेगा के तहत पाथ उपचार कार्य को स्वीकृति मिली। कार्य के दौरान जल निकासी मार्ग का उपचार, खुदाई, सफाई, गहरीकरण एवं सुधार कार्य तकनीकी मानकों के अनुसार किए गए।

गांव के किसान सखाराम साहू, बसंत साहू, जीवन सोनवानी और गजरूराम साहू ने बताया कि पहले वर्षा का पानी तेजी से बह जाता था और खेतों में नमी नहीं टिक पाती थी। अब उन्हें विश्वास है कि पाथ उपचार कार्य से जल संरक्षण बढ़ेगा, जल स्रोतों का पुनर्भरण होगा और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बेहतर होगी।



**जल संरक्षण बेहतर होने के साथ भूजल स्तर में होगी वृद्धि**

**50 एकड़ कृषि भूमि को मिलेगा लाभ**

इस परियोजना से लगभग 50 एकड़ कृषि भूमि को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलने की संभावना है। निर्माण कार्य के दौरान 2678 मानव दिवस रोजगार भी सृजित हुआ, जिससे ग्रामीण परिवारों को आर्थिक लाभ मिला। किसानों का मानना है कि आगामी वर्षा ऋतु में इस संरचना के माध्यम से जल संरक्षण बेहतर होगा और भूजल स्तर में वृद्धि होगी।



## एसडीएम कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

# एग्रीस्टेक रिकॉर्ड में गड़बड़ी से 112 वन ग्रामों के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वनांचल क्षेत्र में इन दिनों किसानों की एक बड़ी समस्या सामने आ रही है। क्षेत्र के 112 वन ग्रामों के किसान एग्रीस्टेक पोर्टल में नाम दर्ज नहीं होने और भूमि अभिलेखों में कथित त्रुटियों के कारण परेशान हैं। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा किसानों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए डिजिटल व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन रिकॉर्ड में गड़बड़ियों के कारण उन्हें ही सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि नगरी विकासखंड के वन ग्रामों में रहने वाले अनेक किसान लंबे समय से खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे हैं। लेकिन हाल के दिनों में जब किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में अपना विवरण जांचना शुरू किया, तब कई किसानों को पता चला कि उनकी भूमि का रिकॉर्ड सही तरीके से दर्ज नहीं है। कहीं रकबा में त्रुटि है तो कहीं खसरा संबंधी जानकारी अपडेट नहीं दिखाई दे रही। किसानों का आरोप है कि इन्हीं त्रुटियों के कारण उनका नाम एग्रीस्टेक से नहीं जुड़ पा रहा है।



**खाद, बीज और कृषि ऋण जैसी सुविधाओं से वंचित होने का डर**

किसानों का कहना है कि एग्रीस्टेक में नाम नहीं होने का सबसे बड़ा असर खाद, बीज और कृषि ऋण जैसी सुविधाओं पर पड़ रहा है। खरीफ सीजन शुरू हो चुका है और किसान खेती की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ऐसे समय में यदि आवश्यक संसाधन समय पर नहीं मिले तो खेती प्रभावित होना तय माना जा रहा है। किसानों को डर है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो इसका असर उनकी फसल और आर्थिक स्थिति दोनों पर पड़ेगा।

**प्रशासन का दरवाजा खटखटाया**

किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को आवेदन सौंपकर भूमि अभिलेखों की जांच और आवश्यक सुधार की मांग की है। आवेदन में कहा है कि रिकॉर्ड में सुधार कर सभी पात्र किसानों का नाम एग्रीस्टेक पोर्टल में जोड़ा जाए ताकि वे शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

### नगरी में व्यापम केंद्र खोलने की मांग तेज

**नगरी।** सुदूर वनांचल क्षेत्र नगरी में व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्थानीय परीक्षा केंद्र बनाए जाने की मांग तेज हो गई है। एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष राकेश नेताम ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि नगरी क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राएं हर वर्ष व्यापम सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर परीक्षा केंद्र नहीं होने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्री नेताम ने बताया कि नगरी विकासखंड के अंतर्गत कई गांव घने वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित हैं। यहां के विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए धमतरी एवं अन्य शहरों तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की समस्याओं एवं क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नगरी को व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र घोषित किया जाए, ताकि वनांचल क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बेहतर अवसर मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।



## अंचल की खबरें

### बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन



**नगरी।** संकट मोचन हनुमान मंदिर बांधातालाब के पास अहाता (बाउंड्रीवाल) निर्माण कार्य का भूमिपूजन मंदिर परिसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई , उपसरपंच घेवर चंद साहू ,ग्राम पटेल मनहरण साहू द्वारा किया गया। विदित हो कि नगरी छिपली मार्ग पर लगभग 100 एकड़ का ऐतिहासिक बांधा तालाब है जहां हनुमान जी का पुराना मंदिर था। मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है वहीं पर अहाता निर्माण ग्राम पंचायत परिवार और दानदाताओं के सहयोग से किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर समिति के पुजारी गोविंद राम सोम, अध्यक्ष मदन लाल पटेल, उपाध्यक्ष तुलसी राम साहू, लक्ष्मीकांत साहू, सचिव सुखीराम नागरची, सहसचिव ओमप्रकाश देव, लोकनाथ देव, तोमल साहू, सरजूराम साहू, रंभा कोसरे, गयाराम साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नरधा डबरी के पास बनेगा शेड



**अंवरी।** वार्ड क्रमांक 1 में नरधा डबरी के पास बनने वाले बहुउद्देशीय शेड का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन एवं वार्डवासियों द्वारा किया गया। वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यों के लिए इस स्थान पर शेड निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नागरिकों की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयास से शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई। इस अवसर पर नगर पंचायत विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद परदेसी राम, रामकुमार, राधू निषाद, सुरेश विश्वकर्मा, गोविंद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### सशिमं छाती में हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र



**पुरी।** चंद्रनाहू कुर्मी छत्रीय समाज के महाअधिवेशन एवं सामाजिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री छाती कृषि उपज मंडी पहुंचे। इस दौरान सशिमं के पदाधिकारीगण एवं स्टाफ ने हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने संबंधी मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री ने वाहन से उतरकर सरस्वती शिशु मंदिर के सामने स्वागत के दौरान पदाधिकारियों से ज्ञापन प्राप्त किया। सशिमं के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का गुलदस्ता, पुष्पमाला एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में नरसिंह चंद्राकर, तरुण देवांगन, प्रधानाचार्य ओंकार साहू, जिला पदाधिकारी श्री सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यह जानकारी सशिमं के सचिव नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

## योग को चिकित्सा शिक्षा विभाग में शामिल करने का प्रस्ताव मंजूर

- मंत्री परिषद के निर्णय पर योग अभ्यासिका रूचि ने जताई प्रसन्नता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंत्री परिषद ने योग विषय को समाज कल्याण विभाग से हटाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस निर्णय पर हर्ष जताते हुए योग अभ्यासिका रूचि साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।



गौरतलब है कि रुचि योग को स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ने की पक्षधर हैं। पूर्व में मुख्यमंत्री से भेंटकर वे इस संबंध में मांग पत्र भी दे चुकी हैं।

9 जून को छत्तीसगढ़ राज्यमंत्री परिषद की बैठक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई। मंत्रिपरिषद ने योग विषय को समाज कल्याण विभाग से हटाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। योग, आयुष प्रणाली का अभिन्न अंग है। योग शिक्षा, अनुसंधान और उससे संबंधित गतिविधियां राष्ट्रीय स्तर पर आयुष तंत्र के माध्यम से संचालित होती हैं। विषय की प्रकृति और प्रशासनिक समन्वय को ध्यान में रखते हुए इसे चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे योग से संबंधित शैक्षणिक, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान गतिविधियों का बेहतर समन्वय और प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सकेगा।

## मां के सम्मान में भाजयुमो ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, विश्वास, विकास एवं जनकल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा आमदी मंडल द्वारा ग्राम मुजगहन एवं ग्राम खरतुली में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री ओमेश यादव के मार्गदर्शन में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष देवेश साहू, उपाध्यक्ष घासीराम सिन्हा, महामंत्री योगेश्वर सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, राजा साहू, फलेंद्र सिन्हा, दुष्यंत साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।



# ग्रामीण क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

- खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है क्रिकेट : हरख

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

सिहाद इलेवन क्रिकेट क्लब सिहाद द्वारा आयोजित ग्रामीण क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि हरख जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्रपाल बैस सरपंच प्रतिनिधि ने की। विशिष्ट अतिथि विष्णु साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं भेषज बैस उपसरपंच थे।



प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21111 एवं उपविजेता टीम को 11111 नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। उद्घाटन मैच प्रखंड एवं कोलर टीम के मध्य खेला गया, जिसमें कोलर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।

मुख्य अतिथि हरख जैन ने कहा कि ग्रामीण अंचल में आयोजित खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास होता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में सरपंच प्रतिनिधि छत्रपाल बैस ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करती हैं।

इस आयोजन में सोनू बैस, उमेन्द्र गंगेले, तेजेश्वर बैस, हूपेश बैस, चेमन बैस सहित क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य जुटे हैं।

## उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र धमतरी में पौधारोपण

# पौधे रोपकर संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र धमतरी में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये गये तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। अधिष्ठाता हेमंत टोप्पो एवं प्राध्यापकगणों ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के महत्व तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिये प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं अपशिष्ट से क्राफ्ट निर्माण जैसी आयोजित प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया।




Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### अवैध रेत परिवहन में लगा ट्रैक्टर बीच सड़क पर, कार्रवाई नहीं

**कांकेर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम नंदनमारा नदी से मंगलवार की सुबह-सुबह अवैध रेत का परिवहन कांकेर शहर में किया जाता है। मंगलवार की सुबह बिना नंबर की ट्रैक्टर ने अलबेलापारा में रेत देने के बाद डीजल खत्म होने के चलते एसपी बंगला के पास मुख्य सड़क पर कई घंटे तक खड़ा रहा। वहीं चालक सीट पर नाबालिक बैठा हुआ नजर आया। खनिज विभाग ऐसे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई नहीं कर पा रही है।

### छठवीं में प्रवेश के लिए 20 जून तक मौका

**कांकेर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए आवेदन आगामी 20 जून तक किया जा सकता है। आदिवासी विकास की सहायक आयुक्त जया मनु ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को वर्तमान में कक्षा 5 वीं में नियमित अध्ययनरत होना आवश्यक है तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड से प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने हेतु पात्र होंगे।

### फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** चौकी दुधावा अंतर्गत मालगांव निवासी 57 वर्षीय धनश्याम पद्दा पिता दशरथ पद्दा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के बेटे ने पुलिस को बताया कि उनके पिता घनश्याम पद्दा ने 8 जून को खेत की पेड़ में गमछा का फांसी बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पादरगांव में एसएसबी ने कराया सामूहिक योगाभ्यास

**कांकेर।** 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत चल रहे 100 दिन योगा अभियान के अंतर्गत 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी द्वारा ग्राम पादरगांव में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, अधिकारियों एवं बलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी।

# तेंदूपत्ता भंडारण की सुरक्षा के लिए अग्निशमन विभाग का फायर सेफ्टी डेमो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बढ़ते तापमान एवं शुष्क मौसम के मद्देनजर तेंदूपत्ता भंडारण स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वनमंडल धमतरी अंतर्गत परिक्षेत्र केरेगांव के तेंदूपत्ता गोदाम कुकरेल में अग्नि सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण सह प्रदर्शन (फायर सेफ्टी डेमो) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला यूनियन धमतरी के प्रबंध संचालक श्रीकृष्ण जाधव के निर्देशानुसार किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग धमतरी के अनुभवी अधिकारी दिलीप निषाद एवं उनकी टीम ने अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गोदाम प्रहरियों को आग से बचाव, आग लगने की संभावित परिस्थितियों, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग तथा आपदा की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। साथ ही विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर उनकी कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने बताया कि गर्मी के मौसम में विद्युत शॉर्ट सर्किट, ज्वलनशील पदार्थों का असुरक्षित भंडारण, खुली आग का उपयोग, बीड़ी-सिगरेट के अवशेष एवं लापरवाहीवश उत्पन्न चिंगारियां आगजनी की प्रमुख वजह बनती हैं। तेंदूपत्ता जैसे अत्यधिक ज्वलनशील वन उत्पाद के सुरक्षित भंडारण हेतु विशेष सतर्कता आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान आग के विभिन्न वर्गों एवं उनसे निपटने के उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला यूनियन धमतरी के उपप्रबंध संचालक सूर्यप्रकाश ध्रुव, लेखापाल अशोक कुमार नेताम, उपवन क्षेत्रपाल एवं गोदाम प्रभारी राजेश वर्मा, उमेश सिंह, वरिष्ठ कार्यपालक गुड्डू दुफारे सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुकरेल तेंदूपत्ता गोदाम में अग्नि सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण दिया गया



### क्लास-ए, बी, सी और डी श्रेणी की आग तथा उनसे निपटने के उपाय बताए

विशेषज्ञों ने बताया कि क्लास-ए श्रेणी की आग लकड़ी, कागज, कपड़ा, तेंदूपत्ता एवं अन्य सामान्य ज्वलनशील पदार्थों में लगती है, जबकि क्लास-बी ज्वलनशील तरल पदार्थों, क्लास-सी विद्युत एवं गैस संबंधी आग तथा क्लास-डी ज्वलनशील धातुओं से संबंधित आग होती है। इस अवसर पर वाटर बेस्ड, फोम टाइप, कार्बन डाइऑक्साइड, एबीसी ड्राई केमिकल पाउडर एवं स्पेशल ड्राई पाउडर अग्निशामक यंत्रों के उपयोग एवं उनकी प्रभावशीलता का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया गया कि विभिन्न प्रकार की आग में उपयुक्त अग्निशामक यंत्र का चयन करना महत्वपूर्ण है।

## विधायक ने चरमुड़िया में 2.17 करोड़ के विद्युत उपकेंद्र का किया लोकार्पण

# बुनियादी सुविधाएं और निर्बाध बिजली की सुविधा बहुआयामी गरीबी से मुक्ति का आधार : अजय

- चोरभट्ठी और बगौद के लिए भी नए उपकेंद्रों का किया गया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, विश्वसनीय एवं निर्बाध बनाने की दिशा में सीएसपीडीसीएल द्वारा ग्राम चरमुड़िया में 2 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से निर्मित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया गया, जबकि चोरभट्ठी में 3 करोड़ 16 लाख रुपये तथा औद्योगिक क्षेत्र बगौद में 2 करोड़ 27 लाख 20 हजार रुपये की लागत से बनने वाले नए उपकेंद्रों का शिलान्यास हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर रहे।

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन केवल आय से नहीं बल्कि नागरिकों को उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं से किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण आवास और निर्बाध बिजली जैसी सुविधाएं बहुआयामी गरीबी से मुक्ति के प्रमुख संकेतक हैं। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति बिजली खपत भी किसी राज्य की प्रगति का महत्वपूर्ण सूचकांक है तथा छत्तीसगढ़ ने बिजली उत्पादन और वितरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतेश्वरी हेमंत साहू ने की। इस अवसर पर जिपं सभापति कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़, जनपद सदस्यगण उर्वशी बांधेकर, रूमान सिंह कुर्रे, हिमांशु साहू, एवन साहू, भाजपा नेतागण कृष्णकांत साहू, हरिशंकर सोनवानी, तिलोक जैन, कुलेश्वर चंद्राकर, प्रभात बैस, सरपंच नीतू तोड़ेकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विद्युत विभाग से एके लखेरा, मुरारी श्रीहरि, अमित कुमार, एसके नेताम, एपी सोनी, एसके कोसरे और वीके शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण शामिल हुए।



### सौर ऊर्जा अपनाने और गुणवत्ता पर जोर

श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र की विद्युत जरूरतों को देखते हुए वर्षों पहले तैयार परियोजनाओं के अनुरूप अब विस्तार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे सौर ऊर्जा अभियान का उल्लेख करते हुए लोगों को सोलर ऊर्जा अपनाने की सलाह दी। साथ ही अधिकारियों को आउटसोर्सिंग कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने, लो-वोल्टेज क्षेत्रों की पहचान करने तथा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी भवनों के विद्युतीकरण के निर्देश दिए।



### हजारों उपभोक्ताओं और किसानों को मिलेगा लाभ

विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चरमुड़िया उपकेंद्र प्रारंभ होने से चरमुड़िया, अटंग, भालूकोना, भोथली, गोबरा, भरदा, कुहकुहा, दहदहा, मौरीखुर्द एवं मेण्डरका सहित 11 गांवों के 6,662 उपभोक्ताओं तथा 686 कृषक उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी। वहीं चोरभट्ठी उपकेंद्र से 5,102 उपभोक्ता और 840 किसान लाभान्वित होंगे। बगौद उपकेंद्र के निर्माण से औद्योगिक क्षेत्र को सतत विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी, जिससे स्थानीय विकास को गति मिलेगी।

# आमापारा वार्ड में नाली जाम सड़क पर फैला गंदा पानी



**धमतरी।** स्थानीय आमापारा वार्ड में पिछले दो दिनों से नाली जाम होने के कारण गंदा पानी सड़क पर बहने लगा था। इससे वार्डवासियों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर नाली की सफाई कर जाम की समस्या दूर की।

नगर पालिका निगम के स्वास्थ्य सभापति निलेश लूनिया ने बताया कि नाली पूरी तरह कचरे से जाम हो चुकी थी। सफाई कार्य के दौरान नाली को तोड़कर उसमें जमा कचरा निकाला गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में झिल्ली, डिस्पोजल सामग्री, प्लास्टिक की बाल्टियां और अन्य घरेलू कचरा मिला, जिसके कारण पानी की निकासी रुक गई थी और सड़क पर गंदा पानी फैलने लगा था। श्री लूनिया ने कहा कि नालियों में प्लास्टिक और कचरा डालने से जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है, जिससे गंदगी फैलने के साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने में हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

# जब मंच पर हुआ समधी मिलन



- सीएम और विधायक चंद्राकर की आत्मीय तस्वीर ने सोशल मीडिया पर बटोरीं खूब सुर्खियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

राजनीति के अखाड़े में अमूमन खींचतान और तीखी बयानबाजी ही सुर्खियां बनती हैं, लेकिन धमतरी के ग्राम छाती में एक ऐसा अनूठा और आत्मीय नजारा दिखा जिसने इंटरनेट मीडिया पर तहलका मचा दिया। चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के महाधिवेशन के दौरान मंच पर सूबे के मुखिया विष्णुदेव साय और कुरुद के कद्दावर विधायक अजय चंद्राकर के बीच जो जबरदस्त बॉन्डिंग दिखी, उसने हर किसी का दिल जीत लिया। समाज के लोगों के प्रेमभरे आग्रह पर जब एक ही विचारधारा के इन दोनों दिग्गज नेताओं ने मंच पर मुस्कुराते हुए समधी भेंट की, तो पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा।

### आखिर कैसे समधी निकले ये दो दिग्गज ?

इस दिलचस्प और आत्मीय रिश्ते का राज खुद मुख्यमंत्री साय ने मंच से खोला। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री का विवाह धमतरी जिले के ही ग्राम परसवानी में हुआ है, इस नाते वे इस पूरे क्षेत्र के समधी लगते हैं। वहीं विधायक अजय चंद्राकर ने इस रिश्ते के पीछे का ट्विस्ट समझाते हुए बताया कि परसवानी के जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर उनके गुरु भाई हैं। चूंकि मुख्यमंत्री की बेटी की शादी टीकाराम कंवर के परिवार में हुई है, इसलिए चंद्राकर मुख्यमंत्री साय को बड़े आदर और अपनेपन से समधी महाराज पुकारते हैं।

### एक्स पर भी दिखा गजब का छत्तीसगढ़िया सतरंग

मंच की यह सहजता सोशल मीडिया पर आते ही छा गई। विधायक अजय चंद्राकर ने इस यादगार तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए मुख्यमंत्री को समधी जी संबोधित किया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी बेहद भावुक और त्वरित प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि अजय जी का यह स्नेहपूर्ण संबोधन दिल को छू गया। छत्तीसगढ़ की यही तो सबसे बड़ी खूबसूरती है कि यहां राजनीति से ऊपर उठकर पारिवारिक संस्कृति, आपसी आदर और रिश्तों की मिठास को सबसे ऊपर रखा जाता है।

## अंचल की खबरें

### राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने किया संयुक्ता को सम्मानित



**धमतरी।** तहसील ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष सूर्यकान्त तिवारी की पुत्री संयुक्ता तिवारी को रायपुर में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बीएएमएस की परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने पर स्व. महादेव प्रसाद पांडेय की स्मृति में दो स्वर्ण पदक भेंटकर सम्मानित किया गय। इस उपलब्धि पर ब्राम्हण समाज में हर्ष है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी।

### सर्व आदिवासी समाज ने मनाया बिरसा मुंडा का शहादत दिवस



**अंवरी।** शहादत दिवस पर भाठागांव के समरसता भवन में सर्व आदिवासी समाज समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के बाद भखारा ग्रुप के सर्व समाज के मुख्याओं द्वारा जनगणना में धर्म कालम में आदिवासी धर्म लिखने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मौके पर जीवराखन मरई अध्यक्ष सर्व समाज जिला धमतरी, महेश रावटे कार्यकारी अध्यक्ष सर्व समाज धमतरी, तेजराम गुरु , हेमंत मांडवी, हरिशंकर नगारची, कलीराम मरकाम, प्रहलाद नेताम, साधुराम कुमार, रोहित नेताम, कमलेश ध्रुव, धीरसिंग ओटी, जन्मेजय ध्रुव, भरोसाराम, ललित ठाकुर, भगत राम मांडवी, भुवन ध्रुव, ठाकुर राम नेताम, ललित नगारची, रोमन सिंह, बृजलाल नगारची, जयपाल सिंह ध्रुव, बसंत ध्रुव समेत अनेक समाजजन उपस्थित थे।

### भारी वाहनों का मार्ग हुआ परिवर्तित



**नगरी।** सिहावा से लगभग 16 किलोमीटर दूर बोराई की ओर स्थित सीतानदी पर निर्मित रपटा क्षतिग्रस्त हो गया है। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा रपटा की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य प्रारंभ किया गया है, ताकि आवागमन सुचारु एवं सुरक्षित बना रहे। मरम्मत कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए इस मार्ग से गुजरने वाले भारी मालवाहक वाहनों, ट्रेलर एवं मल्टी एक्सल वाहनों का आवागमन अस्थायी रूप से अन्य मार्ग पर परिवर्तित किया गया है। ओडिशा एवं बोराई की ओर से धमतरी तथा धमतरी से नगरी, बोराई एवं ओडिशा की ओर जाने वाले भारी वाहनों को 20 जून 6 तक बोराई-कौंदकेरा-मछली-कोट्टलभट्टी-साल्हेटोला-टांगापानी-गट्टासिल्ली-करेगांव-धमतरी मार्ग से संचालित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने वाहन चालकों एवं परिवहन संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर प्रशासन का सहयोग करें तथा यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करें।

### अंवरी में बिरसा मुंडा को किया नमन



**अंवरी।** नगारची समाज एवं ग्राम विकास समिति द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। मौके पर ललित नगारची, सरपंच हितेंद्र नाथ मण्डल, समिति अध्यक्ष रंजीत जांगड़े, मस्तराम साहू, मनोहर लाल, उदयचरण बंजारे, चनद्रिका, नेहरूलाल, थानेस निर्मलकर, हरिशंकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नगरी काष्ठागार परिसर में 100 पौधों का रोपण

**नगरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगरी काष्ठागार सेक्टर-05 परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत सिंह छाबड़ा, भाजपा नगरी मंडल महामंत्री कमल डागा, विकल गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि भानेंद्र ठाकुर, मोहन नाहटा, नगर पंचायत के पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम प्रीति दुर्गम, एसडीओपी विपिन रंगारी, उप वन मंडल अधिकारी नगरी संजय रौतिया, परिक्षेत्र अधिकारी नगरी खिन्नुप्रसाद जोशी, परिक्षेत्र अधिकारी सांकरा संदीप कुमार सोम, परिक्षेत्र अधिकारी काष्ठागार नगरी द्वारिका प्रसाद साहू, वन क्षेत्रपाल उमेश कुमार सोरी सहित नगरी एवं सांकरा वन परिक्षेत्र के वन कर्मचारियों की उपस्थिति में आंवला, सिरस, बेल, करंज, आम एवं अन्य प्रजातियों के लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पौधरोपण न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का भी माध्यम है। कार्यक्रम में लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# भटगांव में एक कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन



**धमतरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार धमतरी के तत्वाधान में सात दिवसीय नशा उन्मूलन जन जागरूकता कार्यक्रम ग्राम भटगांव में चलाया जा रहा है। 8 जून को बाजार चौक भटगांव में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। आज 9 जून को विशाल नशा उन्मूलन रैली निकाली जायेगी। रैली विभिन्न गलियों में भ्रमण करेगी एवं बाजार चौक में सभा का कार्यक्रम होगा।

मौके पर सरपंच फागू राम साहू, हेमंत साहू, बसंत कुमार सिन्हा, देवानंद साहू, रामस्वरूप साहू, महादेव साहू, चमन साहू, तामेश्वरी साहू, केशव साहू, सुनीता साहू, जयंती साहू, गायत्री शक्तिपीठ धमतरी की प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण, ट्रस्टी शेखन साहू, राजकुमार साहू प्रधानाध्याक, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ कौशल प्रसाद साहू, गोविंद मीनपाल, हेमसिंह कंवर, राजू साहू, भुनेश्वर देवांगन, प्रांतीय जिला युवा प्रकोष्ठ श्रीमती लक्ष्मी साहू, सरिता सिन्हा, निर्मला कश्यप समेत अन्य उपस्थित थे।

# सामाजिक एकता और नशामुक्ति पर दिया जोर

**धमतरी।** ग्रामीण साहू समाज, परिक्षेत्र साहू समाज एवं तहसील साहू समाज धमतरी के तत्वावधान में ग्राम तेलीनसत्ती में समाजिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारी और समाजजन उपस्थित थे।

बैठक में अतिथियों ने कहा कि साहू समाज की प्रतिभा और सामाजिक पहचान केवल प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में स्थापित है।



समाज की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखने के लिए सामाजिक नियमों और संस्कारों का पालन आवश्यक है। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, अनुशासन और एकता को मजबूत करने पर जोर दिया।

### देश का भविष्य युवाओं के हाथ में : लेखराम

लेखराम साहू ने कहा कि ग्रामीण अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारी समाज को नई दिशा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी, जुआ और आपराधिक गतिविधियां युवाओं के भविष्य के लिए चिंता का विषय हैं। श्री साहू ने समाज के वरिष्ठजनों और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे परिवार और गांव के बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही दिशा देने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने से ही समाज और प्रदेश-देश का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गांव का विकास मेरी प्राथमिकता : ओमप्रकाश



**सिर्री।** ग्राम पंचायत सिवनीकला के वार्ड क्रमांक 9 के पंच चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओमप्रकाश डांडे ने 15 मतों से विजय हासिल की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी प्रथम प्राथमिकता वार्डवासियों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना और गांव का विकास करना है। वह इसके लिए भरपूर प्रयास करेंगे।

### कार्रवाई करने अपीलीय प्राधिकारी अधिकृत

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आदेश जारी कर अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी को पूर्व में सौंपे गए कार्यों के साथ-साथ छग भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत द्वितीय अपील के समस्त प्रकरणों पर कार्रवाई करने के लिए अपीलीय प्राधिकारी अधिकृत किया है। अपीलीय प्राधिकारी द्वारा प्रकरणों की सुनवाई संयुक्त जिला कार्यालय भवन धमतरी के कक्ष क्रमांक-09 में की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### त्रिभुवन पांडेय के साहित्य पर नीरज ने की पीएचडी



**धमतरी।** ग्राम देवादा निवासी नीरज कुमार शर्मा ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामाधीन दुबे के पौत्र तथा स्व. मनहरण लाल दुबे शिक्षक के भतीजे हैं। उनके पिता स्व. जय भगवान शर्मा थे। नीरज कुमार का शोध कार्य छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंग्यकार त्रिभुवन पाण्डेय के साहित्य पर आधारित है। उनके शोध का विषय त्रिभुवन पाण्डेय की रचनाओं में व्यंग्य दृष्टि रहा। यह शोधकार्य डॉ. वर्षा वर्मा एवं डॉ. बलजीत कौर के निर्देशन में पूर्ण हुआ। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में 8 जून 2026 को उनकी मौखिकी सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसके बाद उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। वर्तमान में नीरज कुमार शर्मा पाटन विकासखंड के मिडिल स्कूल चीचा में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर नीलिमा शर्मा, वैदिक शर्मा, ललेश्वरी साहू भौमिका यदु, दीसान यदु, डॉ. टिकेन्द्र कुमार यदु, नरोत्तम साहू, डॉ. तरुण साहू, डॉ. प्रणव शर्मा, डॉ. योगेश तारक, जितेन्द्र, संग्राम सिंह, सत्येन्द्र देवांगन समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### सीएम ने छाती को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की, ग्रामीणों में खुशी



**पुरी(धमतरी)।** भारतीय जनता पार्टी भोथली मंडल उपाध्यक्ष संतोष बल्ला चंद्राकर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समाज की प्रमुख मांगों को स्वीकार करते हुए व्यापारी संघ एवं ग्रामीणों की लंबित मांग पर अमल करते हुए छाती को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने छाती से झुरा नवागांव तक नहर-नाली युक्त सड़क निर्माण तथा छाती में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन स्वीकृत करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं से क्षेत्र के ग्रामीणों, व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत भाजपा नेताओं रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर एवं मिश्री पटेल के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

तपस्या के अंतिम दिन उमड़े श्रद्धालु, आध्यात्मिक माहौल रहा

# पंचधुनी अग्नि तपस्या सम्पन्न, मां त्रिवेणी नंदगिरी बनी ध्यान और श्रद्धा का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के कर्मा चौक स्थित गोकुल वाटिका छात्रावास के पीछे आयोजित पंचधुनी अग्नि तपस्या का मंगलवार को समापन हो गया। पांच दिनों तक चले इस विशेष धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। तपस्या के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बना रहा।

आयोजन समिति के अनुसार मां त्रिवेणी नंदगिरी ने 5 जून से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पंचधुनी अग्नि तपस्या की। इस दौरान चारों ओर अग्निकुंड जलाए गए थे, जबकि ऊपर तेज धूप और सूर्य की तपिश को पांचवीं अग्नि माना गया। भीषण गर्मी और लगभग 50 डिग्री तापमान के बीच साध्वी ने अन्न और जल का त्याग कर कठोर तप किया। तपस्या के दौरान वे पूरी तरह स्थिर अवस्था में बैठी रहीं, जिसे देखकर श्रद्धालु आश्चर्यचकित हो जाते थे। कई लोगों ने इसे अद्भुत आध्यात्मिक साधना बताया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तपस्या से मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। पंचधुनी तपस्या को सनातन परंपरा की कठिन साधनाओं में माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि अग्नि तप से मन, शरीर और आत्मा का शुद्धिकरण होता है तथा व्यक्ति को आत्मबल और मानसिक शांति प्राप्त होती है। लोगों ने परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की कामना के साथ मां त्रिवेणी नंदगिरी का आशीर्वाद लिया।

परिजनों ने बताया कि मां त्रिवेणी नंदगिरी इससे पहले भी जल तप, मौन तप और अन्य कठिन साधनाएं कर चुकी हैं। उनके पति निर्मल पटेल ने कहा कि समाज और लोगों के कल्याण की भावना से वे लंबे समय तक साधना करती हैं।

### बचपन से आध्यात्मिक प्रवृत्ति से जुड़ी हैं मां नंदगिरी

मां त्रिवेणी नंदगिरी के परिवारजनों ने बताया कि बचपन से ही उनमें आध्यात्मिक प्रवृत्ति दिखाई देने लगी थी। उनकी मां ललिता पटेल और भाई लेखराज पटेल के अनुसार स्कूली दिनों में वे अचानक अचेत हो जाया करती थीं। कई चिकित्सकों और मंदिरों में ले जाने के बाद परिवार को यह अनुभव हुआ कि उन पर देवी कृपा है। इसके बाद उन्होंने पूजा-पाठ, जप और तपस्या का मार्ग अपनाया। पहले आमापारा क्षेत्र में नियमित दरबार लगाया जाता था, जबकि अब पूर्णिमा और अमावस्या के अवसर पर विशेष पूजा होती है।

### चारों दिशाओं में अग्नि प्रज्ज्वलित

आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि पंचधुनी तपस्या में चारों दिशाओं में अग्नि प्रज्ज्वलित कर साधक उसके मध्य बैठकर मंत्र जाप और ध्यान करता है। सूर्य की प्रखर किरणों को पांचवीं अग्नि का स्वरूप माना जाता है। इस साधना का उद्देश्य आत्मसंयम, आध्यात्मिक ऊर्जा और आंतरिक चेतना को जागृत करना माना जाता है।

### समापन पर आज होगा भंडारा

पंचधुनी अग्नि तपस्या के अंतिम दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। आयोजन स्थल पर धार्मिक भजन, पूजा-अर्चना और प्रसादी वितरण का कार्यक्रम बुधवार को है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हुई महाआरती

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा : पं.राजेश



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। यह आयोजन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं धर्मप्रेमी राजेश शर्मा के नेतृत्व में हुआ।

इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक रंगोली से सजाया गया। घड़ी चौक से मंदिर तक बनाई गई रंगोली में कमल फूल सहित शुभता के प्रतीकों को सुंदर ढंग से उकेरा गया, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी ने भी उत्सवी माहौल बना दिया। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक शामिल हुए। आयोजन के बाद करीब 11 सौ लोगों को महाप्रसादी के रूप में भोजन कराया गया।

इस दौरान पं. राजेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, जनकल्याण और वैश्विक सम्मान के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और देश लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पी.वी. पराड़कर, राजेंद्र शर्मा, बालाराम साहू, श्याम अग्रवाल, कुमार रणसिंह, प्रकाश शर्मा, अमन राव, मुरारी यदु, शशि पवार, ज्ञानचंद लूनावत, राधेश्याम अग्रवाल, दिनेश राठी, मुकेश वर्दियानी, रोहिताश मिश्रा, भरत सोनी, भूषण शार्दुल, योगेश गांधी, विकास शर्मा, लोकेश डागा, हुलासराम साहू, योगेश रायचुरा, आशीष थिटे, सूरज शर्मा, पप्पी पंजवानी, भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभांग मिश्रा, शुभम जायसवाल, महेंद्र खंडेलवाल, श्रवण मेश्राम, गोविंद सिंह ढिल्लों, महेश साहू, पार्षद पिंटू यादव, कलेश सोनी, निलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, कोमल सार्वा, हिमानी साहू, आशा लोधी, चंद्रभागा साहू, अनीता अग्रवाल, हेमलता शर्मा, बिथिका विश्वास, चंद्रकला पटेल, सुशीला तिवारी, रुक्मणी सोनकर, हर्ष माहेश्वरी, गायत्री सोनी, डोली सोनी, पूजा कुंजाम, शारदा साहू, सरिता यादव, ज्योति गुप्ता, ममता सिंह, शुभांगी थिटे, कल्पना रणसिंह, संगीता जगताप, ईश्वरी पटवा, नंदू जसवानी, महावीर चोपड़ा, नरेंद्र जयसवाल, प्रितपाल छाबड़ा, दीपक कनाडे, लक्ष्मण पहलवान, भूपेंद्र साहू, ममता सिंहा, वामन सिंहा, कालू, पूजा, पंकज लालवानी, ऋषभ जैन, सुमित चावला, आदर्श मिश्रा, चिराग आटा, झरना, गौरव आडवाणी तथा शाहिद सहित भाजपा के सभी मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़े, कीमत 1022 रुपए तक पहुंची, उपभोक्ता परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 29 रुपये की वृद्धि होने के बाद धमतरी में इसकी कीमत 992.50 रुपये से बढ़कर 1021.50 रुपये हो गई है। नई दरें 7 जून से लागू कर दी गई हैं। बताया गया कि पिछले तीन महीनों में यह दूसरी बार है जब घरेलू गैस सिलेंडर महंगा हुआ है। इससे पहले मार्च माह में सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। इस तरह तीन महीनों में रसोई गैस कुल 89 रुपये महंगी हो चुकी है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी तनाव को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है। गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से आम लोगों के किचन बजट पर असर पड़ेगा और महंगाई बढ़ने की चिंता भी बढ़ गई है।

### डांडेसरा के आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ न्योता भोज

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1, 2 एवं 3 में शासकीय माध्यमिक शाला डांडेसरा के प्रधानपाठक राजेश साहू द्वारा अपनी पत्नी मिथिला साहू के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चों को न्योता भोज में चाकलेट एवं केला दिया गया। इस अवसर पर भोलेश्वर यादव, टिकेश्वर साहू, किरण कुमार साहू, सरस्वती लहरे, दीक्षा सोनवानी उपस्थित थे।

### 20 हजार सीडबॉल व 55 हजार पौधों का रोपण

**नगरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उदन्ती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत आने वाले ग्राम तुमड़ीबहार, अरसीकन्हार, ठेनही, खल्लारी, मांदागिरी, मसूलखोई, करका, जोरातराई, गाताबाहरा, भीरागांव, चारगांव नयापारा, खुदूरपानी, चंदनबाहरा, जुनवानी, तांगापानी और गोरसानाला में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र मिलने के बाद वन संरक्षण की दिशा में खोज संस्था और ग्रामसभा के नेतृत्व में जंगल संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन की प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृहद अभियान चलाया गया।

# गंगरेल बांध में 14 को होगी साइकिल रेस प्रतियोगिता

- प्रतियोगिता की शुरुआत सुबह 6 बजे गंगरेल बांध परिसर से होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल गंगरेल बांध में 14 जून को साइकिल रेस प्रतियोगिता होगी। इस खेल आयोजन को लेकर युवाओं और खेल प्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन जय मां कामाख्या जन कल्याण सेवा समिति द्वारा समाजसेवी खूबलाल ध्रुव के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना है।



आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता की शुरुआत सुबह 6 बजे गंगरेल बांध परिसर से होगी। प्राकृतिक वातावरण के बीच होने वाली इस रेस में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागियों के पहुंचने की संभावना है। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं।

महिला वर्ग में विजेता प्रतिभागियों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी को 10 हजार रुपये, द्वितीय को 5 हजार रुपये, तृतीय को 2500 रुपये तथा चतुर्थ स्थान पर रहने वाली प्रतिभागी को 1000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपये रखा गया है। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 25 हजार रुपये, तृतीय को 15 हजार रुपये, चतुर्थ को 5 हजार रुपये, पंचम को 2500 रुपये तथा षष्ठम स्थान प्राप्त करने वाले को 1000 रुपये की नकद राशि दी जाएगी।

समाजसेवी खूबलाल ध्रुव ने युवाओं से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं। इस तरह के आयोजन से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। गंगरेल बांध की सुंदर वादियों के बीच आयोजित यह प्रतियोगिता जिले में खेल संस्कृति को नई पहचान देने का प्रयास करेगी।

प्रेसवार्ता के दौरान गंगरेल सरपंच शीला महेश्वरी एवं पूर्व सरपंच महेश सविता सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे

**मगरलोड।** भारतीय जनता पार्टी मेघा मंडल की मासिक बैठक भाजपा कार्यालय मेघा में आयोजित की गई। बैठक में मंडल प्रभारी होरीलाल साहू, सह प्रभारी डागेश्वर सोनकर, वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, राजेश साहू सभापति जनपद पंचायत मगरलोड, महेंद्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत करेली बड़ी, कुशलकांत साहू महामंत्री भाजपा मेघा मंडल, संतोष सोनी कोषाध्यक्ष, विनीता साहू जनपद सदस्य, अनीता देशमुख जनपद सदस्य मौजूद थे।










